उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 24.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।







आज दिनांक- 24.10.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे मौजूद रहे।

# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 24.10.2024**

**मीडिया सेल, महोबा**

## 'मिशन शक्ति' फेज-5.0 के तहत महिलाओं/बालिकाओं से वार्ता कर विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए स्वयं की सुरक्षा हेतु किया गया जागरुक-


उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज- 5.0 के तहत नारी सशक्तिकरण की कार्यवाही के अनुक्रम में आज दिनांक- 24.10.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु जनपद के समस्त थाना क्षेत्रो में महिला पुलिसकर्मी (शक्ति दीदी) द्वारा शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में जाकर भीड़-भाड़ वाले इलाकों, कस्बों, गाँवों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं/छात्र-छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- वुमेन पावर लाइन **1090,** महिला हेल्पलाइन **181,** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन **1076,** पुलिस आपातकालीन सेवा **112,** चाइल्ड हेल्पलाइन **1098,** स्वास्थ्य सेवा **102** एम्बुलेंस सेवा **108** व साइबर हेल्पलाइन **1930** तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारे जानकारी देते हुए **24** घण्टे पुलिस सहायता प्रदान किये जाने व थानों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी तथा महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं- सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन) योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी एवं साथ ही साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-**1930** की जानकारी देकर किया गया जागरुक ।











प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 24.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कोतवाली नगर महोबा की पुलिस टीम ने नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार, अपहृता को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया –

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंशल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपहृता/गुमशुदा की बरामदगी एवं इस आपराध में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा सर्विलांस के माध्यम से किये जा रहे सार्थक प्रयासों के क्रम में दिनांक-23.10.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली महोबा प्रभारी निरीक्षक श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल, चौकी प्रभारी भटीपुरा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना कोतवाली नगर महोबा में पंजीकृत मु0अ0सं0 304/24 धारा 363/366/376 भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट व 3(2)5 व 3(2)5क एससी/एसटी एक्ट के वांछित अभियुक्त शिवम सेन पुत्र सुरेश सेन उम्र करीब 19 वर्ष नि0ग्रा0 काकून थाना चरखारी महोबा व हाल मुकाम काशीराम कालोनी कबरई मार्ग जनपद महोबा को थाना क्षेत्र के हमीरपुर चुंगी तिराहा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार करते हुए आवश्यक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

इस प्रकरण से सम्बन्धित नाबालिग अपहृता/पीडिता को बरामद कर नियमानुसार परिजनों के सुपुर्द किया गया है, शेष अग्रिम कार्यवाही प्रचलित है।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

शिवम सेन पुत्र सुरेश सेन उम्र करीब **19** वर्ष नि**0**ग्रा**0** काकून थाना चरखारी महोबा व हाल मुकाम काशीराम कालौनी एसपी आवास के पीछे थाना को**0**न**0** महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

1. उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल, चौकी प्रभारी भटीपुरा थाना कोतवाली नगर महोबा
2. हे0का0 करम शेर खां थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 24.10.2024**

**मीडिया सेल, महोबा**

## बिखरने से बचे 77 परिवार, परामर्श केंद्र ने लौटाई खुशियां तो खिल उठा घर द्वार...।

## पुलिस अधीक्षक महोबा ने परिवार परामर्श कमेटी की महिला सदस्यों को मिशन शक्ति फेज़ 5.0 के तहत किया सम्मानित...।

आज दिनांक- 24.10.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश  बंसल द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत जनपद महोबा में संचालित परिवार परामर्श केन्द्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाली नारी शक्ति (महिला काउंसलर) को सम्मानित किये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, इस दौरान परिवार परामर्श केन्द्र में कई वर्षों से सक्रिय रहकर पुलिस का सहयोग कर माह सितम्बर 2024 तक कुल 77 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराने में अपना अमूल्य योगदान देने वाली महिला सदस्यों को उनके द्वारा किए जा रहे सराहनीय प्रयासों की प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है। साथ ही सभी से अपेक्षा की गयी है कि भविष्य में इसी प्रकार से पति-पत्नी के मध्य आपसी प्रेम तथा उनके दाम्पत्य एवं सुखमय जीवन के प्रति प्रेरित करते हुए बिखरे परिवारों को एकसूत्र में पिरोते हुए अपना अमूल्य योगदान देते रहेंगे।












इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे, महिला थानाध्यक्ष श्रीमती सुषमा चौधरी सहित परिवार परामर्श केन्द्र की सम्मानित महिला काउंसलर क्रमशः सुश्री नेहा चन्सौरिया, श्रीमती नीतू पालिवाल, श्रीमती अंशु शिवहरे, श्रीमती डॉ0 विभा पुरवार मौजूद रहीं।

उल्लेखनीय है कि जनपद महोबा में पति-पत्नी के घरेलू विवाद को महोबा पुलिस की पहल से बेहद आसान तरीके से सुलझाकर परिवारों को मिलाया जा रहा है, यहां ऐसे विवादों को निपटारा बिना किसी कोर्ट कचहरी के किया जाता है, जिसमें सभी पक्षों को बुलाकर महिला अधिकारी और सामाजिक सरोकार से जुड़े व्यक्तियों के द्वारा ऐसे विशेष मामले निपटाए जाते हैं, जिनमें परिवार में आपसी मनमुटाव, पति-पत्नी का विवाद एवं अन्य प्रकार के घरेलू विवाद होते हैं। ऐसे मामलों को महिला थाना की महोबा पुलिस के द्वारा दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केन्द्र में बुलाया जाता है और उनकी काउंसलिंग कर उनकी सहमति के आधार पर समझाया जाता है और मामले का समाधान कर दोनों पक्षों को हंसी-खुशी परिवार परामर्श केंद्र से हंसी खुशी घर भेज दिया जाता है।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 24.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

उत्तर प्रदेश पुलिस

## महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत रोस्टर के अनुसार जनपद के विभिन्न सचिवालय, गांव, मोहल्ला, वार्ड आदि में मिशन शक्ति जागरुकता चौपाल का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक किया गया-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में महिला सुरक्षा, महिला सम्मान व महिला स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत आज दिनांक- 24.10.2024 को जनपद महोबा के समस्त थानों में गठित मिशन शक्ति बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा सम्बन्धित राजस्व एवं ग्राम प्रधान व वार्ड मेम्बर की उपस्थिति में थानाक्षेत्र अवस्थित ग्राम सचिवालय/पंचायत भवन, मोहल्ला एवं वार्ड इत्यादि में चौपाल का आयोजन कर क्षेत्र की महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक किया गया है।

चौपाल के दौरान मिशन शक्ति फेज-5.0 तहत महिला उत्पीड़न, महिला अपराध पर प्रभावी रोकथाम हेतु शासन एवं पुलिस द्वारा किये जा रहे विभिन्न प्रयासों एवं उनसे संबंधी अधिकारों एवं की जाने वाली कार्यवाही के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी साथ महिला सशक्तिकरण हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओ के संबंध में जानकारी दी गयी साथ ही किसी भी अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया गया व गुड टच एवं बैड टच तथा उनके अधिकारों व महिला सम्बन्धी अपराध से बचाव हेतु उपायों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। जागरुकता पम्पलेट का वितरण किया गया है।

समस्त थाना क्षेत्रो में महिला पुलिसकर्मी (शक्ति दीदी) द्वारा शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में जाकर गाँवों एवं मोहल्लों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं/छात्र-छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102 एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारे जानकारी देते हुए 24 घण्टे पुलिस सहायता प्रदान किये जाने व थानों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी तथा महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं- सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन) योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी एवं साथ ही साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 की जानकारी देकर जागरुक किया गया है।










## क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ द्वारा मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत थाना कुलपहाड़ के ग्राम सतारी में चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान मौजूद महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं उनके लिये प्रचलित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से किया गया जागरूक-

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत आज दिनांक- 24.10.2024 को क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्रीमती हर्षिता गंगवार द्वारा थाना कुलपहाड़ क्षेत्रअन्तर्गत सतारी गांव में सम्बन्धित राजस्व एवं ग्राम प्रधान की उपस्थिति में महिला सशक्तिकरण हेतु जागरुकता चौपाल का आयोजन कर ग्रामीण आंचल की महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, उनके हित में प्रचलित योजनाओं एवं अपराध के नियंत्रण हेतु प्रचलित हेल्पलाइन नम्बर की जानकारी प्रदान कर जागरुक किया गया।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ द्वारा मिशन शक्ति फेज-5.0 तहत आयोजित चौपाल में नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन एवं नारी सशक्तिकरण हेतु उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद कर उनकी समस्याओं के संदर्भ में वार्ता की गयी, प्राप्त हुई समस्याओं के त्वरित निस्तारण किये जाने हेतु सम्बन्धित को मौके पर आदेशित किया गया।

क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ द्वारा ग्रामीण अंचलों में महिला उत्पीड़न पर प्रभावी रोकथाम के दृष्टिगत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जानकारी प्रदान की गयी साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओ के संबंध में जानकारी दी गयी साथ ही किसी भी अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर विभिन्न हेल्प लाइन नम्बर-112,108,181,1076,1090,1098 के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया व जागरुकता पम्पलेट का वितरण किया गया।



## आगामी दीपावली त्योहार के मद्देनज़र क्षेत्राधिकारी चरखारी द्वारा पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में थानाक्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्ति, धर्मगुरु एवं समाजसेवी लोग रहे मौजूद, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश...।



आज दिनांक- 24.10.2024 को थाना चरखारी के अन्तर्गत "कस्बा चौकी" चरखारी में क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौंड द्वारा एसडीएम चरखारी श्री प्रदीप कुमार के साथ संयुक्त रूप से आगामी त्यौहार धनतेरस, दीपावली, भैयादूज और गोवर्धन मेला के दृष्टिगत क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों, धर्मगुरुओं एवं समाजसेवी लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई जिसमे लोगो से सौहार्द पूर्वक और शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने के अपील की तथा समुचित सुरक्षा व्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारी/कर्मचारी को निर्देशित किया गया।

पीस कमेटी बैठक का उद्देश्य त्योहार के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए आवश्यक उपायों पर चर्चा करना था। इस दौरान उपस्थित लोगों से अपील की गयी कि वे दीपावली को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से मनाएं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि पटाखों का उपयोग निर्धारित समय और सरकारी दिशा निर्देशों के अनुसार ही किया जाए ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही सभी से पुलिस एवं प्रशासन के सहयोग की अपील की और बताया कि त्योहार के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे। संवेदनशील इलाकों में विशेष चौकसी बरती जाएगी और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल तैनात रहेगा।

धार्मिक नेताओं और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपने-अपने समुदायों से शांति और भाईचारे की अपील की। उन्होंने प्रशासन को विश्वास दिलाया कि दीपावली का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाएगा और कोई भी असामाजिक तत्व माहौल खराब करने का प्रयास न कर सके, इसके लिए सभी लोग सतर्क रहेंगे व ऐसे व्यक्ति की सूचना पुलिस प्रशासन को देंगे।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 24.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

उत्तर प्रदेश पुलिस

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में यातायात पुलिस टीम ने स्कूली छात्रों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए चलाया यातायात जागरुकता/चेकिंग अभियान, पढाया गया यातायात नियमों का पाठ।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में स्कूली बच्चों (नौनिहालों) की सुरक्षा के दृष्टिगत एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने व यातायात व्यवस्था को गतिमान बनाये रखने तथा जनपदवासियों में यातायात नियमों के प्रति जनजागरुकता के उद्देश्य से प्रभारी यातायात महोबा श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा निरन्तर सघन चेकिंग/जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके क्रम में विशेष अभियान के तहत आज दिनांक- 24.09.2024 को प्रभारी यातायात के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम जनपद के विभिन्न स्थलों में ऐसे स्कूली छात्र जो बिना हेलमेट पहने हुए तथा तीन सवारी के साथ अपनी जान जोखिम में डालकर यात्रा करते पाये गये ऐसे छात्रों की जीवनरक्षा को ध्यान में रखकर चेकिंग अभियान चलाया गया है, इस दौरान यातायात पुलिस टीम द्वारा सम्बन्धित छात्रों को यातायात नियमों के साथ छेडछाड़ न किये जाने व यातायात नियमों का पालन किये जाने की अपील की गयी साथ ही छात्रों के परिजनों को सूचित कर भविष्य में ऐसी गलती न करने की सलाह दी गयी है।

इसी क्रम में स्कूली वाहनों में बच्चों की सुरक्षा हेतु तयशुदा मानकों को परखा गया है। इस कार्यवाही के दौरान सुरक्षा मानको पर कमी पाये जाने वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार चालान की कार्यवाही की गयी है।





